हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रातपपुर थानांतर्गत शीतलापारा भानुप्रतापपुर निवासी 20 वर्षीय राहुल नेताम पिता नवल राम ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने 25 अप्रैल को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि व्यापरियों ने बंद का किया सर्मथन

**कांकेर।** छग एग्रो इनपुट डिलर्स एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर 27 अप्रैल को देश व्यापी बंद का आयोजन किया गया है। इसे चारामा के व्यापारियों ने पूर्ण सर्मथन दिया है। इस व्यवासय से जुड़े व्यापरियों ने बताया कि संगठन कि मांग में खाद पर ट्रैकिंग बंद हो, रिटेल गोदाम तक एफओआर पहुंचे, डिलर मार्जिन 8 प्रतिशत, सैंपल फेल कंपनियों पर कार्यवाही हो। डिलर गवाह रहें। बीच साथी पोर्टल कंपनियों तक सीमित हो व अन्य मांगे शामिल है।

### कृषि दवा विक्रेताओं की हड़ताल आज

**धमतरी।** खाद एवं कृषि दवाई, बीज विक्रेता संघ धमतरी द्वारा विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 27 अप्रैल को एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल की घोषणा की गई है। इस दौरान जिले के सभी कृषि आदान व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे और जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन नई दिल्ली के आह्वान पर देशभर के लगभग 5 लाख व्यापारी इस हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से वे विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिन पर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# भाजपा कार्यालय में 'मन की बात' सुनने उमड़ा जनसमूह, जमीन पर बैठकर सुना पीएम का संदेश

## विधायक लता की रही मौजूदगी, अटल सदन में दिखा प्रेरणादायक माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय अटल सदन में रविवार सुबह एक विशेष और प्रेरणादायक माहौल देखने को मिला, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 133वें रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" को सुनने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, महिलाएं और पदाधिकारी एकत्र हुए।

सुबह 10:30 बजे जैसे ही कार्यक्रम का प्रसारण शुरू हुआ, सभी उपस्थित लोग जमीन पर बैठकर पूरे अनुशासन और ध्यान के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को सुनते रहे। इस दौरान परिसर में शांत और प्रेरणादायक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार जनभागीदारी को मजबूत करते हैं और देश के विकास में आमजन की भूमिका को स्पष्ट करते हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि मन की बात आज देश को जोड़ने वाला एक प्रभावी मंच बन चुका है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को घर-घर तक पहुंचाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दें।



### बडी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं रहीं मौजूद

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराना सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने कोंडागांव में जनसंपर्क और जनभागीदारी के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

## सियासत : नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रदर्शन

# भाजपा ने विशाल जनाक्रोश रैली निकालकर विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कोण्डागांव में जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए विशाल जन आक्रोश रैली और महिला पदयात्रा का आयोजन किया। भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन से शुरू हुई इस रैली का नेतृत्व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी ने किया, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हाथों में तिरंगा और अपने अधिकारों से जुड़े नारों की तख्तियां लिए महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग को लेकर शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। रैली कांग्रेस भवन, मस्जिद चौक और जय स्तंभ चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

इस मौके पर विधायक लता उसेंडी ने कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन पर महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को विपक्ष रोकने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संघर्षरत हैं। भाजपा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और लोकसभा, विधानसभा व राज्यसभा में उनकी मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करना पार्टी का लक्ष्य है।




### पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं

रैली के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, महामंत्री अनिल अग्रवाल, प्रेमसिंह नाग परितोष त्रिपाठी, बंटी नाग सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं। पूरे रैली के दौरान शहर का माहौल राजनीतिक नारों और महिला सशक्तिकरण के संदेश से गूंजता रहा।

# पेट्रोल पम्प चोरी का खुलासा आरोपी जगदलपुर से गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव/केशकाल।** केशकाल थाना क्षेत्र में पेट्रोल पम्प से हुई चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गोपाल थापा उर्फ गोपाल साउत 23 वर्ष निवासी शांति नगर, जगदलपुर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया।

■ नकदी व मोबाइल पुलिस ने किया बरामद

जानकारी के अनुसार आरोपी ने 16 अप्रैल की रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच केशकाल स्थित मुकेश पेट्रोल पम्प के कार्यालय में घुसकर दराज में रखे 55 हजार रुपये नकद और एक रियलमी मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9120 रुपये नकद और एक रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है। शेष राशि के संबंध में भी जांच जारी है। आरोपी को 25 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल जगदलपुर भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल, उपनिरीक्षक गुलाब टंडन, सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण जैन, प्रधान आरक्षक ईश्वर नेताम, आरक्षक अमित मंडावी तथा साइबर सेल कोंडागांव के आरक्षक जितेंद्र मरकाम और बीजू यादव का विशेष योगदान रहा।

# बड़ेकनेरा में रात्रि चौपाल गांव-गांव में चल रहा जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत जिले में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम बड़ेकनेरा में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को जनगणना के महत्व से अवगत कराया गया।

■ जनगणना 2027 को लेकर कोंडागांव में जागरूकता अभियान तेज

रात्रि चौपाल के दौरान ग्राम सरपंच प्रकाश चुरगिया ने स्थानीय हल्बी बोली में ग्रामीणों को जनगणना की उपयोगिता और आवश्यकता को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि सही जानकारी देना हर नागरिक की जिम्मेदारी है, जिससे विकास योजनाओं का सही लाभ मिल सके। स्व-गणना प्रक्रिया की दी विस्तृत जानकारीइस अवसर पर वेणुगोपाल राव ने स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि किस प्रकार वे स्वयं भी अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत 01 मई से 30 मई 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर मकान गणना करेंगे। इस दौरान सभी परिवारों से आवश्यक जानकारी एकत्र की जाएगी।

### *ग्रामीणों से सहयोग की अपील*

*अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे प्रगणकों को सही, सटीक और पूर्ण जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। रात्रि चौपाल जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रें में जनगणना को लेकर जागरूकता बढ़ रही है, जिससे आगामी गणना प्रक्रिया को सफल बनाने में मदद मिलेगी।*

# वन मंत्री ने किया दहिकोंगा तेंदूपत्ता फड़ का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने रविवार को तेंदूपत्ता फड़ दहिकोंगा समिति कोंडागांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तेंदूपत्ता की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन करते हुए संग्रहण एवं प्रबंधन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

■ तेंदूपत्ता की गुणवत्ता और व्यवस्था का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संग्राहकों को किए जा रहे ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही दो संग्राहकों के मोबाइल में स्वयं ऑनलाइन एंट्री कर भुगतान प्रक्रिया पूरी करवाई, जिससे पारदर्शिता वन मंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने सभी संग्राहकों को तेंदूपत्ता तिहार की शुभकामनाएं देते हुए शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किय निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि संग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी कोंडागांव चूड़ामणि सिंह, संयुक्त वन मंडलाधिकारी डॉ. आशीष कोटरिवार, परिक्षेत्र अधिकारी कोंडागांव एवं दहिकोंगा सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस का हमला भाजपा दुष्प्रचार कर रही : डा. लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस की ओर से पीसीसी प्रभारी डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कोंडागांव में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को भ्रमित कर रही है।

■ कोंडागांव में प्रेसवार्ता कांग्रेस नेत्री ने कहा- जब कानून बन चुका है तो केंद्र सरकार तत्काल करे लागू

कांग्रेस नेत्री डॉ. ध्रुव ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन चुका है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कानून बन चुका है तो भाजपा इसे तत्काल लागू क्यों नहीं कर रही। उन्होंने आरोप लगाया कि 16 अप्रैल 2026 को प्रस्तुत विधेयक महिला आरक्षण से जुड़ा नहीं था, बल्कि परिसीमन संशोधन और केंद्र शासित प्रदेशों के कानून में बदलाव के लिए था। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में लोकसभा सीटों को 850 करने का प्रस्ताव था, जिसमें राज्यों के लिए 815 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें प्रस्तावित थीं। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि घोष, महामंत्री रितेश पटेल, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, महिला शहर अध्यक्ष हेमा देवांगन, पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा यादव, प्रदेश कांग्रेस सचिव सकुर खान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जनगणना और परिसीमन पर उठाए सवाल

डॉ. ध्रुव ने कहा जब 2026-27 की नई जनगणना प्रस्तावित है, तो 2011 के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों यदि सरकार चाहती, तो वर्तमान सीटों में ही 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल तत्काल महिला आरक्षण लागू करने के पक्ष में हैं। कांग्रेस नेत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा की असली मंशा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि अपने राजनीतिक लाभ के अनुसार सीटों का परिसीमन करना था, जिसे विपक्ष की एकजुटता ने विफल कर दिया।

### कांग्रेस ने गिनाए अपने ऐतिहासिक प्रयास

डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण की समर्थक रही है। 1989 में राजीव गांधी ने पंचायतों में आरक्षण का प्रस्ताव रखा, 1993 में पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने इसे लागू किया। 2010 में डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया, उन्होंने बताया कि आज देशभर में लाखों महिला जनप्रतिनिधि कांग्रेस की नीतियों का परिणाम हैं।

## नक्सलमुक्त घोषित होने के बाद नई शुरुआत

# नक्सलमुक्त कोंडागांव में बदली पुलिसिंग की तस्वीर:अब खाकी वर्दी में दिखेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले को पूर्णतः नक्सल मुक्त घोषित किए जाने के बाद जिले में शांति, सामान्य व्यवस्था और विकास कायोंर् की नई शुरुआत हो चुकी है। लंबे समय तक नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्र में अब हालात पूरी तरह बदलते नजर आ रहे हैं।

पूर्व में नक्सल ऑपरेशन के दौरान जंगलों, पहाड़ी और संवेदनशील क्षेत्रें में सचिंर्ग व घेराबंदी जैसी कार्रवाई के लिए पुलिस जवानों द्वारा कैमफ्लाज वर्दी का उपयोग किया जाता था। यह वर्दी सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से बेहद उपयोगी साबित हुई और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाई।



वर्तमान में जिले के नक्सल मुक्त होने के बाद कोंडागांव पुलिस ने सामान्य पुलिसिंग, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए बड़ा बदलाव किया है। अब जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी के दौरान पारंपरिक खाकी वर्दी में नजर आ रहे हैं।

### खाकी वर्दी से बढ़ेगा जनता का भरोसा

पुलिस का मानना है कि खाकी वर्दी उनकी पारंपरिक पहचान है, जो जनता के साथ सीधा संपर्क, विश्वास और सहयोग को मजबूत करती है। इससे पुलिस अधिक सुलभ, पहचानने योग्य और जवाबदेह बनेगी, जिससे आम नागरिकों को भी सुविधा होगी।

### पुलिस ने नागरिकों से मांगा सहयोग

जिला पुलिस ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत या सहायता के लिए नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम से संपर्क करें। यह बदलाव कोंडागांव में शांति और सामान्य जीवन की बहाली का मजबूत संकेत माना जा रहा है, जहां अब विकास और विश्वास की नई राह खुल रही है।

## पेज 11 के शेष ...

### फलों का राजा आम...

समाज के लोग पहले प्रकृति और अपनी आराध्य शक्तियों को अर्पण करते हैं, उसके बाद ही फलों का उपयोग करते हैं। यह परंपरा आज भी क्षेत्र में पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ निभाई जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार आम की भरपूर फसल से घरेलू उपयोग के साथ-साथ बाजार में भी अच्छी आवक रहेगी। आने वाले दिनों में स्थानीय बाजारों में ताजा आम प्रचुर मात्रा में पहुंचने लगेगा, जिससे व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

### माझापारा में गूंजी मन...

कार्यक्रम का आयोजन वार्ड पार्षद हितेंद्र खटवानी 'बब्बू' द्वारा कराया गया, जिनके प्रयासों से वार्ड के नागरिकों को एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री के विचार सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम, भाजपा प्रदेश के स्थायी आमंत्रित सदस्य दिलीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक सहित सिंधी समाज के अध्यक्ष राकेश आहूजा, दिलीप खटवानी, दीपक झा, कमल लालवानी, भगवान लाल टांक, राजू माहेश्वरी, राजू कोठारी, राजू लच्छानी, धीरज जायसवाल, गोलू रामानी, पुरुषोत्तम केसरवानी, धर्मदास सबनानी एवं वार्ड के वरिष्ठजन, कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वार्ड पार्षद हितेंद्र खटवानी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और एकता को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताते हुए देश के विकास में सहभागी बनने का संकल्प लिया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

12 तेंदूपत्ता तोड़ाई 1 से, 18 समितियों में एक साथ...




12 नव-निर्मित शैक्षणिक भवनों का सीईओ ने किया निरीक्षण...





## खबर संक्षेप



### सार्वजनिक शराबखोरी दो चढ़े पुलिस के हत्थे

कांकेर। सार्वजनिक स्थान पर शराब पिने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ बांदे पुलिस ने अबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 अप्रैल को शाम पौने 8 बजें बांदे के तालाब पास रोड किनारे आरोपी छोटेबेठिया थानांतर्गत खंडीपारा निवासी 41 वर्षीय शंभु मंडल पिता मिताई मंडल और गोण्डाहुर थानांतर्गत बैकुण्ठपुर निवासी 30 वर्षीय मनीमोहन सरकार पिता अर्जुन सरकार सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहें थे। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर**। भानुप्रातपपुर थानांतर्गत शीतलापारा भानुप्रतापपुर निवासी 20 वर्षीय राहुल नेताम पिता नवल राम ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने 25 अप्रैल को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि व्यापरियों ने बंद का किया सर्मथन

**कांकेर**। छग एग्रो इनपुट डिलर्स एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर 27 अप्रैल को देश व्यापी बंद का आयोजन किया गया है। इसे चारामा के व्यापारियों ने पूर्ण सर्मथन दिया है। इस व्यवासय से जुड़े व्यापरियों ने बताया कि संगठन कि मांग में खाद पर ट्रैकिंग बंद हो, रिटेल गोदाम तक एफओआर पहुंचे, डिलर मार्जिन 8 प्रतिशत, सैंपल फेल कंपनियों पर कार्यवाही हो। डिलर गवाह रहें। बीच साथी पोर्टल कंपनियों तक सीमित हो व अन्य मांगे शामिल है।

### गर्मी से दुर्गूकोंदल बेहाल तापमान 43 डिग्री के पार



**दुर्गुकोंदल**। क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दुर्गुकोंदल सहित आसपास के पूरे अंचल में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। तेज धूप, गर्म हवाओं के थपेड़े और बढ़ती उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है, वहीं बाजारों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कमोबेश ऐसे ही बने हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक गर्मी से राहत मिलने के कोई खास आसार नहीं हैं। तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे लू का खतरा भी बढ़ गया है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है और साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के व ढीले कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखने की हिदायत दी गई है।

# रबी की लहलहाती फसलों से खुशहाली की बयार, धान की बालियां उम्मीदों का पैगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

हरियाली से लहलहाते खेत, हवा में झूमती धान की बालियां और किसानों के चेहरों पर खिली मुस्कान से लग रहा कि इस साल क्षेत्र में रबी सीजन की तस्वीर उम्मीदों से ज्यादा होगी। अनुकूल मौसम, समय पर सिंचाई और आधुनिक कृषि तकनीकों के मेल ने फसलों को नई ऊर्जा दी है, जिससे गांव-गांव खुशहाली का माहौल बन गया है। कांकेर जिला में किसानों के खेतों में इन दिनों धान की बालियां निकलने लगी हैं, जो अच्छी पैदावार के संकेत दे रही हैं। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम ने पूरा साथ दिया है। पर्याप्त पानी और संतुलित तापमान के कारण फसल का विकास बेहतर तरीके से हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार फसल अधिक स्वस्थ और मजबूत दिखाई दे रही है, जिससे किसानों की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। किसानों ने बताया कि उन्नत बीजों का उपयोग, समय पर खाद-बीज की उपलब्धता और आधुनिक कृषि तकनीकों के अपनाने से फसल की गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार हुआ है। यही कारण है कि इस बार कई किसान रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद जता रहे हैं। खेतों में छाई हरियाली न केवल मन को सुकून दे रही है, बल्कि आने वाली समृद्धि का संकेत भी बन रही है। व्यापारियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि यदि उत्पादन इसी तरह अच्छा रहा, तो बाजार में धान की आवक बढ़ेगी, जिससे व्यापार को नई गति मिलेगी। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। इस वर्ष रबी फसल की सकारात्मक स्थिति ने किसानों के बीच नई उम्मीद जगाई है। अगर आने वाले दिनों में मौसम का साथ यूं ही बना रहा, तो किसानों के लिए लाभ मिलना तय है।

### समय पर सिंचाई और उन्नत तकनीक से दमदार हुई फसल



### फसलों की निगरानी करें किसान

*कृषि विभाग के अधिकारी जितेंद्र कोमरा ने भी फसल की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि किसानों को फसलों की नियमित निगरानी करनी चाहिए और किसी भी प्रकार के रोग या कीट लगने की स्थिति में तुरंत उपाय अपनाना चाहिए। कीट रोग लगने पर कृषि अधिकारियों से सलाह लें तथा आवश्यक दवाओं का छिड़काव करें।*

## गड़बड़ी : कांकेर जिले में विदेशी फंडिंग से आस्था पर चोट

# अमेरिकी मिशनरी से जुड़े फंड का सीधा लिंक कांकेर तक, ईडी जांच में उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिला के अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा विकासखंड के अंदरूनी गांवों में एक धीमा लेकिन गहरा बदलाव हुआ है, जहां पहले देवगुड़ी और आस्था का केंद्र हुआ करता था, वहीं अब पक्के और सुसज्जित चर्च नई पहचान बनाकर खड़े हो गए है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में इस बदलाव के आर्थिक पक्ष पर भी रोशनी पड़ी है। अमेरिकी मिशनरी नेटवर्क से जुड़े करोड़ों रुपये के फंड का कांकेर तक सीधा पहुंचना अब दस्तावेजों में दर्ज हो चुका है।

कांकेर जिला में विगत 6 माह से जो बवाल मचा, उसकी धूम पूरे देश में फैली और लगातार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाइ गई। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जाने वाले लोगों के आय के स्त्रोत पर कभी भी नजर नही डाली। सरकार बस्तर संभाग के सभी जिलो में अंदरूनी इलाको में अचानक जीवन में जिनके बदलाव आया है, उन पर नजर रखने की जरूरत है और उनके आय की जाँच करने की जरूरत है। ऐसा हो गया तो कई चेहरे बेनकाब हो जाएंगे, जो चर्च बनवाने में मदद करते आ रहे है। कांकेर जिले के भीतरी इलाकों में बदलाव की कहानी केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भी हो गई है। कच्चे घरों वाले गांवों में अब पक्के चर्च निर्माण हो रहे हैं। जांच में सामने आया है कि अमेरिकी मिशनरी नेटवर्क से जुड़े विदेशी फंडिंग विभिन्न एजेंसियों के जरिए के जरिए कांकेर तक फंड पहुंचाया जा रहा है। जांच एजेंसियों के अनुसार ब्रिटेन में फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) एक्ट (एफसीआरए) के तहत जांच की गई है। इसके बावजूद चर्च निर्माण और विस्तार तेजी से जारी है।



24 अप्रैल 2026

ईडी द्वारा विदेशी डेबिट कार्ड के माध्यम से धन के अवैध लेन-देन से संबंधित जांच जारी (FEMA जांच)

### जमीन पर दिखा असर, गांवों का बदलता केंद्र

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले 10 से 15 वर्षों में कांकेर में लगभग 600 से ज्यादा चर्च बने हैं। गांवों में चर्च का केंद्र बनना अब आम बात हो गई है। पहले जहां गांवों का सामाजिक जीवन देवगुड़ी और मेलों के इर्द-गिर्द होता था, वहीं अब चर्च की भूमिका बढ़ती जा रही है। इसके कारण गांवों की सामाजिक संरचना भी बदल रही है। इसके साथ ही कई परिवारों ने धर्म परिवर्तन भी किया है। गांवों में अलग-अलग मोहल्लों का निर्माण हो रहा है, जिससे सामाजिक विभाजन भी देखने को मिल रहा है।

### एक के बाद एक चर्च, बदलती सामाजिक संरचना

कांकेर के आसपास के इलाकों में तेजी से चर्चों का निर्माण हुआ है। यहां 2017 में मौजूद चर्चों की संख्या अब कई गुना बढ़ चुकी है। जिले में अब लगभग हर गांव में एक चर्च मौजूद है। ईडी की जांच में पता चला है कि पिछले छह महीनों में लगभग 6.5 करोड़ रुपये बस्तर संभाग के माओवादी प्रभाव वाले इलाकों में खर्च किए गए हैं।

### अवैध निर्माणों को तोड़ा जाना चाहिए

*जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम का इस मामले में कहना है कि विदेशी मिशनरियों के इशारे पर बस्तर के आदिवासियों संस्कृति को खत्म करने की साजिश हो रही है। जांच पूरी होनी चाहिए और अवैध निर्माणों को तोड़ा जाना चाहिए। राज्य सरकार का धर्मांतरण विरोधी विधेयक 2026 अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने की दिशा में अहम कदम है। ईडी की जांच से स्पष्ट हुआ है कि विदेशी फंडिंग के जरिए गलत तरीके से गतिविधियां बढ़ाई जा रही थीं।*

# 4 विकलांग पुत्रों के परिजनों से की विधायक ने भेंट, दिया आश्वासन



- विधायक ने इलाज की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

कांकेर ब्लॉक के ग्राम पंचायत तेलावट में रहने वाले रजमन सलाम के चारों विकलांग पुत्रों की स्थिति की जानकारी मिलते ही कांकेर विधायक आशाराम नेताम स्वयं उनके घर पहुंचे और परिवार की स्थिति का जायजा लिया।

मुलाकात के दौरान विधायक ने पिता रजमन सलाम से बच्चों की हालत के बारे में जानकारी ली। रजमन ने बताया कि शुरुआती उम्र में उनके पुत्र सामान्य रूप से चल-फिर सकते थे, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती गई, उनकी विकलांगता भी बढ़ती चली गई। वर्तमान में चारों पुत्र पूरी तरह से चलने-फिरने में असमर्थ हैं। भाजपा मंडल धनेलीकन्हार के पदाधिकारियों द्वारा गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत इस परिवार से मुलाकात की गई थी। इसी दौरान 29 वर्षीय कमलेश सलाम, 27 वर्षीय भीम कुमार सलाम, 24 वर्षीय बिमलेश सलाम और 23 वर्षीय हिरामन सलाम की गंभीर स्थिति सामने आई, जिसकी सूचना विधायक को दी गई।

सूचना मिलते ही विधायक आशाराम तेलावट पहुंचे। उन्होंने मौके पर ही डॉक्टरों से मोबाइल के माध्यम से चर्चा कर उचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और साथ ही क्षेत्र के जनपद सदस्य नितेश सलाम से भी परिवार को हर संभव सहयोग देने की अपील की। इस दौरान सरपंच नम्मु राम खरे, पूर्व सरपंच सियाराम सलाम, मंडल अध्यक्ष राकेश साहू, पूर्व महामंत्री लोकेश्वर सेन, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित टावरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवक पर जानलेवा हमला हथियार जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना लोहत्तर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तुमरीसुर में बिति देर रात एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। घायल युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। प्रार्थी तुमरीसुर निवासी 32 वर्षीय लालजी पुड़ो शुक्रवार 24 अप्रैल की रात अपने बड़े पिता की लड़की की शादी में शामिल होने गया था। रात करीबन 12 बजें जब शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहा था, तभी घर के मेन गेट के पास पहले से घात लगाए बैठे दो अज्ञात व्यक्तियों ने पकड़ लिया। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में सिर, बाएं गाल और बाएं हाथ पर गंभीर चोटें आईं।



हमले के बाद मै जमीन पर गिर गया, जिससे मुझे मरा हुआ समझकर आरोपी मौके से फरार हो गए। हिम्मत जुटाकर पड़ोसियों को आवाज दी। मौके पर पहुँचे पड़ोसी और परिजनों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर पहले दुर्गुकोंदल अस्पताल पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल कांकेर रिफर कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# पिछेकट्टा बांध बनेगा पर्यटन हब, बोटिंग की मिली मंजूरी

**भानुप्रतापपुर**। ग्राम मुल्ला के आश्रित ग्राम पिछेकट्टा बांध जलाशय को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ी पहल अब जमीन पर उतरती दिख रही है। यहां बोटिंग सुविधा के लिए नावें पहुंच चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों की शुरुआत का रास्ता साफ हो गया है।



पिछेकट्टा बांध का प्राकृतिक सौंदर्य पहले से ही लोगों को आकर्षित करता रहा है, लेकिन अब बोटिंग सुविधा शुरू होने से यह स्थान एक व्यवस्थित पर्यटन केंद्र के रूप में उभरने लगा है। नावों के पहुंचने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। नाव संचालन, छोटे व्यापार और पर्यटन से जुड़े अन्य कार्यों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना को मूर्त रूप देने में क्षेत्रीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव श्रीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता सहित जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अहम भूमिका रही है।

# फलों का राजा आम से महका क्षेत्र बंपर पैदावार से ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

इस वर्ष दुर्गूकोंदल क्षेत्र में फलों के राजा आम की बंपर पैदावार देखने को मिल रही है, जिससे किसानों और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। गांवों और खेतों के आसपास लगे आम के पेड़ों पर बौर और फलों की भरमार नजर आ रही है। पेड़ों पर अच्छी संख्या में फल लगने से इस बार रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद जताई जा रही है। किसानों और जानकारों का कहना है कि इस बार मौसम ने आम की फसल का पूरा साथ दिया है। तेज आंधी, तूफान, अंधड़ और असमय बारिश नहीं होने से पेड़ों पर लगे बौर सुरक्षित रहे। यही कारण है कि फल बनने की प्रक्रिया भी बेहतर हुई और पेड़ों पर आम



अधिक मात्रा में दिखाई दे रहे हैं। यदि आने वाले दिनों में भी मौसम अनुकूल बना रहा, तो क्षेत्र में आम की पैदावार पिछले वर्षों की तुलना में अधिक रहने की संभावना है। आदिवासी समाज के संरक्षक जगत राम दुग्गा ने बताया कि इस वर्ष आम की फसल विशेष रूप से अच्छी नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की मेहरबानी और अनुकूल मौसम के कारण पेड़ों में भरपूर फल लगे हैं। इससे किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में भी आम की उपलब्धता बढ़ेगी। दुर्गूकोंदल क्षेत्र में आम का महत्व केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और पारंपरिक रूप से भी बहुत खास है। आदिवासी समाज में आम के फल का सेवन सीधे पेड़ से तोड़कर नहीं किया जाता। इसके लिए समाज की पारंपरिक मान्यताओं और रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। यहां चैतराई पर्व और मरका पंडूम पर्व के आयोजन के बाद ही आम का सेवन शुरू किया जाता है। इस परंपरा के पीछे प्रकृति के प्रति सम्मान और आस्था की भावना जुड़ी हुई है।

▶▶| शेष पेज 10 पर

## 52 परीक्षा केंद्रों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

# मंडी निरीक्षक परीक्षा में मावा मोदोल संबंधी प्रश्न व नवाचार सर्वाधिक चर्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा मंडी निरीक्षक पद के लिए आज परीक्षा आयोजित की गई और जिले में बनाए गए कुल 52 परीक्षा केंद्रों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित हुई, वहीं इस परीक्षा में कांकेर के मावा मोदोल को लेकर भी प्रश्न पूछा गया, जो चर्चा का विषय बना रहा।


आयोजित मंडी निरीक्षक की परीक्षा की विशेष बात यह रही कि प्रश्नपत्र में प्रश्न नंबर 73 में पूछा गया कि मावा मोदोल योजना छत्तीसगढ़ के किसा जिला प्रशासन की पहल है। इस प्रश्न के पूछे जाने के बाद यह सिद्ध हो गया कि कांकेर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई मावा मोदेल योजना अब केवल कांकेर नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ में पहचान बना लिया है। मावा मोदोल का अर्थ है कि मेरा लक्ष्य, मेरा भविष्य है और यह कांकेर के कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर का मार्गदर्शन और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी की सोच का परिणाम है और यह एक अभिनव पहल है। वनवासी इलाके और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को सीजीपीएससी, व्यापम, रेलवे, पुलिस, और शिक्षक भर्ती जैसी सरकारी नौकरियों की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग और लाइब्रेरी सुविधा प्रदान करती है। वास्तव में ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को खोजने और उनको सभी प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए मावा मोदोल योजना चलाई जा रही है, जिसके अभी तक कई अप्रत्याशित परिणाम भी सामने आए है।





### राज्य स्तर पर मावा मोदेल को मिली पहचान

कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कांकेर जिले के लिए गर्व की बात है कि हमारे 'मावा मोदोल' को इतनी व्यापक पहचान मिल रही है। परीक्षा में इस मावा मोदोल से जुड़ा प्रश्न शामिल होना यह दर्शाता है कि हमारे प्रयासों को राज्य स्तर पर सराहा जा रहा है। हमारा लक्ष्य हमेशा से स्थानीय युवाओं को बेहतर मौका देने का प्रयास रहा है और यह उपलब्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



74. मावा मोदोल योजना छत्तीसगढ़ के किस जिला प्रशासन की पहल है?
A. बस्तर
B. कांकेर
C. दंतेवाड़ा
D. नारायणपुर

### मावा मोदोल की अब तक रही सफलता

जिले में संचालित मावा मोदोल में अध्ययन करने वाले युवाओं में अब तक नगर सेना में 34, पुलिस आरक्षक में 46, आबकारी आरक्षक में 01, प्रयोगशाला परिचायक में 01, एसबीआई में 01, सीजीपीएस नायब तहसीलदार में 01, सीजीपीएससी प्री में 20, एसएससी जीडी में 03 का युवाओं का चयन हो चुका है।

### गर्व-प्रेरणा दोनों का विषय

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने कहा कि "मावा मोदोल केवल एक योजना नहीं, बल्कि जिले के अभी सभी विकासखंड मुख्यालयो में बच्चों के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन और परीक्षार्थियों का बेहतर परिणाम देने का केंद्र बन गया है। आज जब इस मावा मोदोल को प्रतियोगी परीक्षाओं में भी स्थान मिल रहा है, तो यह हमारे लिए गर्व और प्रेरणा दोनों का विषय है।

# माझापारा में गूंजी मन की बात, ऊर्जा - क्रांति पर प्रधानमंत्री मोदी के विचारों से मिली प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रविवार को मांझापारा वार्ड स्थित सिंधु भवन में मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात किया। मांझापारा वार्ड के पूज्य सिंधु भवन में रविवार 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश के समग्र विकास, आगामी बुद्ध पूर्णिमा, सोलर और विंड एनर्जी के बढ़ते महत्व तथा बीटिंग रिट्रीट समारोह में स्वदेशी संगीत के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए भगवान बुद्ध के शांति और करुणा के संदेश को आत्मसात करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए सोलर एवं विंड एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और साथ ही, देश में विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) मॉड्यूल्स की सराहना करते हुए तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में हो रहे प्रयासों को सराहा।

▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### घोटपाल में पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन

**गीदम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गीदम ब्लॉक के घोटपाल में मंडल अध्यक्ष रोशन पवार के नेतृत्व में पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, कांग्रेस कमेटी महामंत्री रविश सुराना, मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, पूर्व सरपंच जिला राम, पुनीत यादव सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन में नए साथियों को जोड़ा गया और युवाओं को आगे लाने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कांग्रेस के प्रति लोगों का रुझान और उत्साह लगातार बढ़ रहा है, जो इस बात का संकेत है कि संगठन जमीनी स्तर पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं में ऊर्जा, एकजुटता और जिम्मेदारी की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिससे आने वाले समय में संगठन और अधिक मजबूत होगा। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### सरकारी और निजी सभी पाइंट पर सख्त जांच जरूरी

**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने सरकार, जिला प्रशासन, खनिज, परिवहन, पुलिस तथा रेलवे प्रशासन से खनिज संपदा के संरक्षण, वैधानिक परिवहन व्यवस्था की निगरानी तथा अवैध गतिविधियों पर कठोर एवं निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग प्राकृतिक संसाधनों, जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र है।

# तेंदूपत्ता तोड़ाई 1 से, 18 समितियों में एक साथ संग्रहण की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

वनमंडल भानुप्रतापपुर पूर्व वनमंडल के अंतर्गत वनपरिक्षेत्र दुर्गुकोंदल में इस वर्ष तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य 1 मई से प्रारंभ किया जाएगा। वन विभाग द्वारा इसके लिए व्यापक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। तेंदूपत्ता सीजन शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, वनवासियों और संग्राहकों में उत्साह का माहौल है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वनपरिक्षेत्र दुगकोंदल अंतर्गत ब्लॉक की 18 समितियों में एक साथ तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रत्येक समिति के अंतर्गत अलग-अलग फड़ केंद्र बनाए गए हैं, जहां संग्राहकों द्वारा तेंदूपत्ता जमा किया जाएगा। संग्रहण केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार है। हर वर्ष बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार इस कार्य से जुड़े रहते हैं और इससे उन्हें मौसमी रोजगार प्राप्त होता है। तेंदूपत्ता सीजन शुरू होने से क्षेत्र के हजारों परिवारों को अतिरिक्त आय का अवसर मिलेगा। तेंदूपत्ता सीजन उनके लिए साल का महत्वपूर्ण समय होता है। इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और घरेलू जरूरतों की पूर्ति में सहायता मिलती है। इस बार अच्छी फसल की उम्मीद से लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार मौसम अनुकूल रहने से तेंदूपत्ते की गुणवत्ता बेहतर रहने की संभावना है। समय पर गर्मी पड़ने और वर्षा नहीं होने से पत्ते मजबूत, हरे और अच्छी बनावट वाले तैयार हुए हैं। अच्छी गुणवत्ता वाले पत्तों का संग्राहकों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे संग्रहण कार्य में भी तेजी आने की उम्मीद है। वन विभाग द्वारा समितियों और फड़ केंद्रों में तौल, भंडारण, भुगतान तथा श्रमिकों की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। संग्राहकों को समय पर भुगतान और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सभी समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।



### दुर्गूकोंदल को एजुकेशन हब बनाने की तैयारी

# नव-निर्मित शैक्षणिक भवनों का सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

जिले में शिक्षा को नई दिशा देने की कड़ी में विकासखंड दुर्गूकोंदल में नव-निर्मित एवं निर्माणाधीन शैक्षणिक भवनों का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी तथा जिला परियोजना समन्वयक नवनीत पटेल ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास भवन का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, छात्रावास कक्षों और पूरे परिसर की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा गया। निर्माण की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने आवश्यक सुधारों के लिए मौके पर ही दिशा-निर्देश भी दिए। बताया गया कि भवन निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है और आगामी शैक्षणिक सत्र 16 जून 2026 से विद्यालय शुरू करने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सीईओ हरेश मंडावी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शेष कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने पेयजल, विद्युत, बाउंड्री वॉल और परिसर की साफ-सफाई जैसे जरूरी कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ सुरेंद्र बंजारे को भी विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वर्षा ऋतु से पहले नाली निर्माण, जल निकासी, परिसर समतलीकरण, वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विद्यालय परिसर को विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और आकर्षक बनाना प्राथमिकता है। दुर्गूकोदल में तैयार हो रहे ये संस्थान न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ाएंगे, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति देंगे। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका शैलेंद्री मरकाम, शिक्षिका प्रियंका बागमरिया सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



#### अंदरूनी इलाके के बच्चों को मिलेगा लाभ

दुर्गूकोंदल को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। आधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय, छात्रावास और प्रयोगशालाएं क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान करेंगी। इससे भानुप्रतापपुर, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को भी सीधा लाभ मिलेगा।

कोयलीबेड़ा के सुदूर गांवों में पहुंचे

# सीईओ मंडावी ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

विकासखंड कोयलीबेड़ा के सुदूर ग्रामों का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने दौरा कर शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण सहित अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम सरगी कोर्ट में मनरेगा के तहत निर्माणाधीन आजीविका डबरी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को सब्जी उत्पादन, मछली पालन एवं बतख पालन जैसी आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सरगी कोट से जुड़े चार गांवों के ब्रिज का निरीक्षण कर सेतु विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर पुल चालू करने के निर्देश दिए। मावा मोदोल लाइब्रेरी के लिए माध्यमिक शाला कोयलीबेड़ा का चयन किया गया है। वर्तमान में भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसके मरम्मत एवं निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र एवं महतारी सदन का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। कन्या आश्रम के निरीक्षण के दौरान वहां विकसित किचन गार्डन की सराहना की गई।

इसके अलावा प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावासों का निरीक्षण करते हुए बाउंड्री वॉल एवं मरम्मत कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा को दिए गए। ग्राम माहला में पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए बोरवेल खनन का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए और साथ ही स्पेशल प्रोजेक्ट आवास के हितग्राहियों को 30 मई तक आवास पूर्ण करने के लिए कार्ययोजना बनाकर समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कोयलीबेड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक-एक बोरवेल स्वीकृति के लिए सहमति प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय नाग, कार्यक्रम अधिकारी बाल किशन बंजारे, एसडीओ सीएल स्वर्णकार, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक नारायण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

राज्य के दूरस्थ जिलों में शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षकों को 25 अप्रैल को प्रो. जे एन पाण्डेय शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय नलघर चौक रायपुर में प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में गीदम ब्लॉक के सेजेस हाईस्कूल समलूर में पदस्थ व्याख्याता नारायण साहू भी शामिल है। साहू समाज के प्रतिभावान निर्धन बच्चों के उच्च शिक्षा एवं रोजगार परक शिक्षा में आर्थिक व आवश्यक सहयोग करने वाली संस्था मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति छत्तीसगढ़ के संचालक सदस्य हैं। वे अपने पढ़ाई के दिनों से विशेष प्रतिभा के धनी और कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत कर चुके हैं। उनके साथ डॉ विजय साहू को भी सम्मानित किया गया। जो विगत वर्ष शोध पुस्तक साइंस मीट सोसायटी अ डायलॉग फॉर अ बैटर टुमारो से चर्चा में आए तथा उनके पुस्तक का इंग्लिश उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया था। इन दोनों शिक्षक का राष्ट्रीय नवाचारी गतिविधियां समूह छ. ग. इकाई द्वारा रायपुर के सम्मान समारोह में ए के सारस्वत उप संचालक समग्र शिक्षा छ ग, बी रघुनाथ उप संचालक मा शि मं रायपुर रायपुर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक समग्र शिक्षा ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। जिससे दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ जिले का नाम फिर से राजधानी में गुंजायमान हुआ। जिला साहू संघ दंतेवाड़ा अध्यक्ष एन आर साहू ने दोनों ही शिक्षकों को



#### जिले के 2 शिक्षकों का हुआ सम्मान

**सुकमा।** राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह का आयोजन स्वामी आत्मानंद प्रो. जे. एन. पांडेय शास. उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्च. माध्य. विद्या. रायपुर में किया गया। जिसमें राज्य से 160 शिक्षकों का सम्मान किया गया। सुकमा जिले से 2 शिक्षक लोकनाथ साहू पीएम श्री सेजेस बालक स्कूल सुकमा और नसरीन सिद्दीकी शासकीय प्राथमिक शाला रानीबहाल, छिंदगढ़ के नवाचार गतिविधि और प्रयोगों के नित नए उपायों से शिक्षा को आसान बनाए जाने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समूह के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि यह समूह शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों का स्वप्रेरित समूह है। जो विगत 5 वर्षों से इस तरह का आयोजन कर रहा है। नवाचारी शिक्षा रत्न के लिए चयनित शिक्षकों को अपने नवाचार को प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा, स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों ने दोनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है।

# रायपुर में चमका कांकेर का नाम, जिले के शिक्षकों का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

नवाचारी गतिविधियां समूह भारत की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2025-26 कार्यक्रम में कांकेर जिले के चार शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन 25 अप्रैल को रायपुर स्थित स्वामी आत्मानंद पेोजेएन पाण्डेय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में हुआ।

कार्यक्रम में प्रदेश भर के लगभग 160 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कांकेर जिले से चयनित शिक्षकों में अंतागढ़ विकासखंड की हिरोंद कोरांम, भानुप्रतापपुर की लीना दिल्लीवार तथा कांकेर के हेमंत उइके को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान प्रदान किया गया। वहीं समूह में सतत सहयोग और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए पुष्पलता साहू को विशेष सम्मान दिया गया।

सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति, बच्चों की सहभागिता बढ़ाने, रचनात्मक गतिविधियों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय कार्य किया है। इन्हीं प्रयासों के कारण उन्हें राज्य स्तर से राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली। कार्यक्रम को सफल बनाने में समूह प्रमुख संजीव सूर्यवंशी सहित कांकेर जिला टीम के प्रमुख एडमिन जितेन्द्र साहू, पुष्पलता साहू, अखिलेश अरकरा, टिकेश्वर ठाकुर तथा देशभर की टीम का योगदान रहा। शिक्षा जगत में कांकेर जिले का नाम रोशन होने पर लोगों ने गर्व व्यक्त किया है।

### राशन दुकान के पास कचरा संग्रहण केंद्र

**जगदलपुर।** शहर के लालबाग सिविल लाइन वार्ड स्थित राशन दुकान की स्थिति ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वास्तविक तस्वीर उजागर कर दी है। जिस स्थान से आम नागरिकों विशेषकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न प्राप्त होता है वहीं केंद्र गंदगी, दुर्गंध और जर्जर ढांचे का प्रतीक बन चुका है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि राशन दुकान के आसपास कचरे का अंबार है और बगल में कचरा संग्रहण केंद्र होने के कारण पूरे क्षेत्र में बदबू फैली रहती है। गंभीर बात यह है कि जिस भवन में अनाज रखा जाता है उसका निर्माण बेहद निम्न स्तर का है। नागरिकों के अनुसार निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव है। न तो मजबूत मंच तैयार किया गया न ही आवश्यक गिट्टी और संरचनात्मक मजबूती दी गई। परिणामस्वरूप जमीन धंस रही है और भवन के अंदर तक जर्जरता दिखाई दे रही है। ऐसे हालात में खाद्यान्न संग्रहण और वितरण दोनों ही स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक हैं। राशन लेने आने वाले नागरिकों को मजबूरी में गंदगी और असुरक्षित वातावरण के बीच खड़ा होना पड़ता है। क्योंकि यदि वे समय पर राशन न लें तो माह का खाद्यान्न समाप्त होने का डर रहता है।

# मन की बात सुनी व भाजपा मोर्चा ने किया मनरेगा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा रविवार 26 अप्रैल को शक्ति केंद्र भानबेड़ा के पोलिंग बूथ क्रमांक 124, ग्राम बुंदेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें एपिसोड को सामूहिक रूप से सुना और देखा गया। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुगवाल के आश्रित ग्राम बुंदेली में चल रहे मनरेगा रोजगार गारंटी कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान नए तालाब के गहरीकरण कार्य, श्रमिकों के लिए पेयजल व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विंड एनर्जी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज देश दुनिया की चौथी बड़ी ताकत बन चुका है। उन्होंने वैश्विक हालात पर चिंता जताते हुए नागरिकों से जागरूक रहने की अपील की और साथ ही देश में चल रही जनगणना प्रक्रिया को दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना बताते हुए इसमें लोगों की भागीदारी को आसान बनाए जाने की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में काले हिरण ब्लैकबक की बढ़ती संख्या को संरक्षण प्रयासों की सफलता बताते हुए इसे खोई हुई विरासत की वापसी कहा। पदाधिकारियों ने मौके पर उपस्थित महिला एवं पुरुष श्रमिकों से चर्चा कर कार्य की स्थिति और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तालाब निर्माण का कार्य लगभग पांच दिन पूर्व प्रारंभ हुआ है, जिसमें आसपास के गांवों के लोग मिट्टी खुदाई का कार्य कर रहे हैं। वहीं 1 अप्रैल 2026 से लागू नए नियमों के तहत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन के कार्यों की शुरुआत होने की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर दर्रो, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष संदीप बुलचा पवार, शक्ति केंद्र प्रभारी जितेंद्र पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष सन्नी राम कुरेटी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक : किरण देव

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी का प्रसारण ग्राम कालीपुर बूथ क्रमांक 14 प्राथमिक शाला प्रांगण में कार्यकतार्ओं व ग्रामवासियों के साथ सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम हम सभी के लिये प्रेरणादायक है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# सांसद महेश ने लेंड्रा बूथ में सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात सांसद महेश कश्यप ने दरभा मंडल के नेगानार शक्ति केंद्र स्थित लेंड्रा बूथ क्रमांक 259 में स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की वैज्ञानिक ताकत और अंतरिक्ष उपलब्धियों पर कहा कि भारत ने हमेशा विज्ञान को विकास का सशक्त माध्यम माना है। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत से आज भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जो राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बन चुका है। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित स्वदेशी 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के क्रिटिकलिटी हासिल करने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और इसे आत्मनिर्भर भारत की वैज्ञानिक जीत करार दिया। उन्होंने यह भी साझा किया कि भारत अब 56 गीगावॉट से अधिक क्षमता के साथ पवन ऊर्जा के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। आगामी जनगणना अभियान पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी।

उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी। नई व्यवस्था के तहत नागरिक स्वयं भी अपनी जानकारी भर सकेंगे, जिसके बाद उन्हें एक विशेष आईडी मिलेगी। उन्होंने इसे आधुनिक तकनीक से जुड़ा एक बड़ा सुधार बताया और देशवासियों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। प्रधानमंत्री ने भारत के डेयरी सेक्टर में हो रहे बदलावों और भारतीय चीज की वैश्विक सफलता का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि ब्राजील में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय चीज ब्रांड्स ने पुरस्कार जीतकर देश का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही उन्होंने यूरोपीय गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड में भारतीय छात्राओं के शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय अभिलेखागार के नए डिजिटल पोर्टल की शुरुआत और उत्तर पूर्वी भारत के बांस उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।



### विश्व मलेरिया दिवस पर स्कूल में चर्चा, क्विज, रैली, चित्रांकन स्पर्धा

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया, जिसमें समस्त विकासखण्ड स्तर से रैली का आयोजन किया गया। जिसका विषय मलेरिया को समाप्त करने के लिये प्रेरित, अब हम कर सकते है, अब हमें करना ही होगा। दिवस में मलेरिया उन्मूलन को ध्यान में रखते हुए प्रचार किया गया, सभी ग्राम स्तर पर मलेरिया उन्मूलन हेतु प्रचार-प्रसार गतिविधि की गई। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, विकासखण्ड स्तर पर बैनर का प्रदर्शन किया गया। विकासखण्ड स्तर पर स्कूलों में छात्रा-छात्राओं के मलेरिया के संक्रमण मलेरिया प्रकार एवं बचाव के उपाय से अवगत किया गया।

